Sanjay Singh, I.A.S.
State Project Director

बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्
शिक्षा भवन, राष्ट्रभाषा परिषद् परिसर,
सैदपुर, राजेन्द्रनगर, पटना–800004

Bihar Education Project Council
Shiksha Bhawan, Rashtrabhasha Parishad Campus,
Saidpur, Rajendra Nagar, Patna-800004

पत्रांक : AIE/EFE/PART-II/60/2009-10/ दिनांक–

सेवा में,

जिला शिक्षा पदाधिकारी
जिला–मधुबनी।

विषय : **मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर पंचायत के वार्ड नं0–13 एवं झंझारपुर प्रखंड के बलनी मेंहथ ग्राम पंचायत के नवटोलिया ग्राम में नये प्राथमिक विद्यालय सृजित के संबंध में।**

प्रसंग : माननीय सदस्य, बिहार विधान सभा श्री नीतीश मिश्रा, पूर्व मंत्री, बिहार सरकार का पत्राक 130/2021 दिनांक 02.04.2021, पत्रांक 131/2021 दिनांक 02.04.2021 एवं पत्रांक 153/2021 दिनांक 12.04.2021

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में प्रासंगिक पत्र के आलोक में अंकित करना है कि माननीय सदस्य बिहार विधान सभा श्री नीतीश मिश्रा का अभ्यावेदन राज्य कार्यालय को प्राप्त हुआ है। (अभ्यावेदन की प्रति संलग्न) संलग्न अभ्यावेदन के द्वारा मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर पंचायत के वार्ड नं0–13 एवं झंझारपुर प्रखंड के बलनी मेंहथ ग्राम पंचायत के नवटोलिया ग्राम में प्राथमिक विद्यालय की स्थापना हेतु आग्रह किया गया है। इस संदर्भ में अंकित करना है कि बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के आलोक मे प्राथमिक विद्यालय स्थापित किये जाने वाले स्थल का Longitude & Lattitude की आवश्यकता होगी। साथ ही, विद्यालय की स्थापना से संबंधित आवश्यक भूमि (न्यूनतम 20 डिसमील) की उपलब्धता/निबंधन, नजदीक के विद्यालय एवं उसकी दूरी की जानकारी के साथ जिला कार्यकारिणी से अनुमोदन आवश्यक है।

अतः निदेश है कि उक्त के आलोक मे नये प्राथमिक विद्यालय की स्थापना हेतु आवश्यक प्रक्रियाः पूरी कर राज्य कार्यालय को प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाय ताकि अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

विश्वासभाजन
ह0/–
(संजय सिंह)
राज्य परियोजना निदेशक

अनुलग्नक–यथोक्त।

ज्ञापांक– AIE/नामांकन पखवाड़ा/01/2018-19/2983 दिनांक– 21/6/21
प्रतिलिपि– माननीय सदस्य, बिहार विधान सभा श्री नीतीश मिश्रा, पूर्व मंत्री, बिहार सरकार, 112 कौटिल्य नगर पटना 800014 को सूचनार्थ प्रेषित।

21/6/21
राज्य परियोजना निदेशक

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

:0612-2667163/2667168, fax: 0612-2667190, Email: ssabihar@gmail.com, Website www.bepcssa.in

नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 131/2021
Dt-2-4-2021

राज्य परियोजना निदेशक,
बिहार शिक्षा परियोजना परिषद,
बिहार, पटना।

विषयः— **मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर प्रखंड के बलनी मेंहथ ग्राम पंचायत के नवटोलिया ग्राम में नये प्राथमिक विद्यालय सृजित के संबंध में।**

महाशय,

मधुबनी जिलान्तर्गत मेरे विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र झंझारपुर के प्रखंड झंझारपुर में बलनी मेंहथ पंचायत के नवटोलिया ग्राम की आबादी लगभग 500 है। यह गाँव इस्ट—वेस्ट कॉरिडोर के एन.एच.—57 के दक्षिण अवस्थित है, जो कमला पूर्वी तटबंध एवं कमला पश्चिमी तटबंध के मध्य पुराना एस.एच.—52 जो वर्त्तमान में एन.एच.—527A के एक छोर पर अवस्थित है। इस गाँव में कोई भी विद्यालय नहीं है। यहाँ के लगभग डेढ़—दो सौ बच्चे गाँव के सटे एन.एच.—57 को पार कर 01 कि.मी. उत्तर प्राथमिक विद्यालय, कचहरीटोल मेंहथ पढ़ने जाते हैं। उल्लेखनीय है कि इस गाँव के आस—पास ईस्ट—वेस्ट कोरिडोर के दक्षिण कोई अन्य विद्यालय भी नहीं हैं। उक्त वर्णित पथ पर भारी एवं हल्के वाहनों की भीड़ रहती है तथा इस पर तीव्र गति से वे—रोक—टोक वाहन चलते रहते है। सड़क की ऊँचाई भी काफी अधिक है। फलस्वरूप बच्चों को सड़क पार करने में काफी कठिनाई होती हैं। उक्त स्थल पर प्रायः सड़क पार करने के क्रम में बच्चे दुर्घटनाओं के शिकार हो जाते हैं। लगभग दर्जनों दुर्घटनायें घटित हो चुकी है जिसमें कई हताहत भी हुए हैं।

सप्तदश विधान सभा के द्वितीय सत्र (बजट सत्र) में उक्त प्राथमिक विद्यालय के सृजन हेतु मैंने दिनांक—25.2.2021 को निवेदन के माध्यम से सरकार का ध्यान भी आकृष्ट किया है।(छायाप्रति संलग्न)

वर्णित परिप्रेक्ष्य में "नवटोलिया" के बच्चे की अध्ययन हेतु गाँव में प्राथमिक विद्यालय की आवश्यकता है। उक्त गाँव में प्राथमिक विद्यालय के सृजनोपरांत विद्यालय हेतु भू—दाता भी उपलब्ध है, जो गाँव में विद्यालय की स्थापना के लिए अपनी जमीन सरकार को निबंधित करने को तैयार हैं।

अतः अनुरोध है कि ग्राम नवटोलिया में प्राथमिक विद्यालय के सृजन हेतु आवश्यक कार्रवाई करना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra
(नीतीश मिश्रा) 2.4.21

6/4/21

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in